संख्या– 33 /भा.विवि/कुसका/2024 दिनांक : 06 जनवरी, 2024

## 31वीं कार्य परिषद् की बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 06 जनवरी, 2024 को प्रातः 11:00 बजे आचार्य नरेन्द्र देव प्रशासनिक भवन स्थित सभागार कक्ष में कार्यपरिषद् की 31वीं बैठक की कार्यवाही :–

बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहेः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एन0बी0 सिंह, मा0 कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | माननीय न्यायमूर्ति श्री अनिल कुमार ओझा (से.नि.), निवास 3/494, विकल्प खण्ड गोमती नगर, लखनऊ–226010 | न्यायिक सदस्य |
| 3. | प्रो0 ललिता राव, सेवानिवृत्त–बी0एड0 विभाग, उदय प्रताप स्वायत्तषासी पी0जी0 कॉलेज, वाराणसी। (ऑनलाइन प्रतिभाग) | सदस्य |
| 4. | प्रो0 सुधांशु पांड्या, डीन एवं डायरेक्टर–स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, स्कूल सी0एस0जे0एम0 यूनिवर्सिटी, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | श्री फौजान अलवी, एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर ऑफ अलाना सन्स प्राइवेट लिमिटेड, 10 सिन्धिया हाउस, कलाट प्लेस, नई दिल्ली (ऑनलाइन प्रतिभाग) | सदस्य |
| 6. | डॉ0 तत्हीर फात्मा, संकायाध्यक्ष–विज्ञान | सदस्य |
| 7. | प्रो0 मसऊद आलम, संकायाध्यक्ष–कला एवं मानविकी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एहतेशाम अहमद, आचार्य–वाणिज्य, सदस्य–अन्य पिछड़ा वर्ग | सदस्य |
| 9. | प्रो0 सौबान सईद, आचार्य–उर्दू, सदस्य–अन्य पिछड़ा वर्ग | सदस्य |
| 10. | प्रो0 एस0एस0ए0 अशरफी, आचार्य–उर्दू विभाग। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 चन्दना डे, आचार्य–शिक्षाशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 12. | डॉ0 मोहम्मद शारिक, सहायक आचार्य–शारीरिक शिक्षा विभाग | सदस्य |
| 13. | डॉ0 अताउर्रहमान आज़मी, सहायक आचार्य–व्यवसाय प्रशासन विभाग | सदस्य |
| 14. | श्री साजिद आज़मी, वित्त अधिकारी | विशिष्ट आमंत्री |
| 15. | डॉ0 भावना मिश्रा, कुलसचिव | सचिव |

सर्वप्रथम कुलसचिव द्वारा कार्य परिषद् की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया और तदोपरान्त माननीय कुलपति जी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। कार्य परिषद् द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर निम्नांकित निर्णय लिया गयाः–

**विन्दु संख्या–31.1 :**

कार्य परिषद की 30वीं बैठक दिनांक 08 नवम्बर, 2023 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार।

**निर्णय :**

**कार्य परिषद की 30वीं बैठक दिनांक 08 नवम्बर, 2023 के कार्यवृत्त का सम्पुष्टिकरण किया गया।**

Anisha



Scanned with OKEN Scanner

**बिन्दु संख्या–31.2 :**

कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार।

**निर्णय :**

**कार्य परिषद् द्वारा कार्य परिषद् की आकस्मिक बैठक दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 के बिन्दु संख्या–03 में अंकित डॉ0 सबीना बानो के कैरियर एडवांसमेंट स्कीम योजनान्तर्गत प्रोन्नति हेतु त्रुटिवश अंकित अर्हता दिनांक 22–04–2017 को दिनांक 24–04–2017 किये जाने पर अनुमोदन प्रदान करते हुए बैठक की कार्यवाही का सम्पुष्टिकरण किया गया।**

**बिन्दु संख्या–31.3 :**

कार्य परिषद् की 30वीं बैठक दिनांक 08 नवम्बर, 2023 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की आख्या (Action Taken Report)।

**निर्णय :**

**कार्य परिषद् की 30वीं बैठक दिनांक 08 नवम्बर, 2023 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की आख्या (Action Taken Report) से परिषद् संसूचित हुयी।**

**बिन्दु संख्या–31.4 :**

कार्य परिषद् की आकस्मिक बैठक दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की आख्या (Action Taken Report)।

**निर्णय :**

**कार्य परिषद् की आकस्मिक बैठक दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की आख्या (Action Taken Report) से परिषद् संसूचित हुयी।**

**बिन्दु संख्या–31.5 :**

प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 29 दिसम्बर, 2023 में लिये गये निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय :**

**कार्य परिषद् द्वारा प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 29 दिसम्बर, 2023 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**बिन्दु संख्या–31.6 :**

विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 04 जनवरी, 2023 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किये पर विचार

**निर्णय :**

**कार्य परिषद् द्वारा विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 04 जनवरी, 2023 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

Amisha

3/–



Scanned with OKEN Scanner

बिन्दु संख्या—31.7 :

विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली में विविध संकायों को समाहित किये जाने हेतु गठित समिति द्वारा तैयार किये गये प्रस्ताव के अनुमोदन प्रदान किये जाने पर विचार।

निर्णय :

कार्य परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली में संशोधन करते हुए विविध संकायों को समाहित किये जाने हेतु गठित समिति द्वारा तैयार किये गये प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या—31.8 :

विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में संविदा के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति किये जाने हेतु तैयार रोस्टर के अनुमोदन प्रदान विचार।

निर्णय :

कार्य परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में संविदा के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति किये जाने हेतु तैयार रोस्टर का अवलोकन किया गया। तत्क्रम में कुलसचिव द्वारा अवगत कराया गया कि फैशन टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम को कार्य परिषद् की 27वीं बैठक दिनांक 06 फरवरी, 2023 द्वारा बंद करने का निर्णय लिया जा चुका है।

उक्त तथ्य से अवगत होते हुए कार्य परिषद् द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निम्नवत् निर्णय लिया गयाः—

> ''रोस्टर से फैशन टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम एवं अन्य ऐसे पाठ्यक्रम जो नहीं चल रहे हैं, के सम्बन्ध में समस्त संकायाध्यक्षों, कुलसचिव, वित्त अधिकारी एवं उप कुलसचिव की समिति गठित करते हुए विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में सृजित पदों का पुनरावलोकन करते हुए संशोधित रोस्टर तैयार कर लिया जाय, जिसे आगामी कार्य परिषद् के समक्ष समग्र रूप से अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाये।''

बिन्दु संख्या—31.9 :

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में संविदा के आधार पर शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी की नियुक्ति किये जाने हेतु विज्ञापन के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :

कार्यपरिषद द्वारा बिन्दु संख्या—31.8 के अनुसार कार्यवाही करते हुए स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में संविदा के आधार पर शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी की नियुक्ति किये जाने हेतु विज्ञापन पुनः तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये।

बिन्दु संख्या—31.10 :

पद्मभूषण प्रो0 कपिल कपूर को विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षान्त समारोह में डी.लिट. मानद उपाधि दिये जाने पर विचार।

Amisha

4/—



Scanned with OKEN Scanner

निर्णय :

कार्य परिषद द्वारा पद्मभूषण प्रो0 कपिल कपूर को विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षान्त समारोह में डी.लिट. मानद उपाधि दिये जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा माननीय कुलाधिपति जी को प्रेषित प्रस्ताव एवं तद्क्रम में राज्यपाल सचिवालय से प्राप्त अनुमोदन से माननीय कार्य परिषद् संसूचित हुयी तथा कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

बिन्दु संख्या–31.11 :

श्री गजेन्द्र सोलंकी को अष्टम दीक्षान्त समारोह में मानपत्र दिये जाने पर विचार।

निर्णय :

**कार्य परिषद् श्री गजेन्द्र सोलंकी को अष्टम दीक्षान्त समारोह में मानपत्र दिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

बिन्दु संख्या–31.12 :

विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती विरूद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच किये जाने हेतु विश्वविद्यालय परिनियमावली 8.10(1) सपठित 8.11 (1)(b) में दी गई व्यवस्थानुरूप गठित अनुशासनिक समिति द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट पर विचार।

निर्णय :

**विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच किये जाने हेतु विश्वविद्यालय परिनियमावली 8.10 (1) सपठित 8.11 (1) (b) में दी गयी व्यवस्थानुरूप गठित अनुशासनिक समिति द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट को कार्यपरिषद् द्वारा स्वीकार किया गया तथा दिनांक 13 जनवरी, 2024 को अष्टमदीक्षान्त समारोह के आयोजन के उपरान्त सम्बन्धित शिक्षकों से नियमानुसार अभ्यावेदन प्राप्त किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

अन्य बिन्दु :

अन्य बिन्दु संख्या–31(1) :

आगामी सत्र में प्रवेश समन्वयक को नामित किये जाने पर विचार।

निर्णय :

**कार्य परिषद् द्वारा आगामी सत्र में प्रवेश समन्वयक हेतु प्रो0 एहतेशाम अहमद को नामित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

अन्य बिन्दु संख्या–31(2) :

बी0टेक0, फॉर्मेसी, व्यवसाय प्रशासन इत्यादि प्रोफेशनल पाठ्यक्रम में काउन्सिलिंग प्रक्रिया निर्धारित किये जाने पर विचार।

निर्णय :

**कार्य परिषद् द्वारा बी0टेक0, फॉर्मेसी, व्यवसाय प्रशासन इत्यादि प्रोफेशनल पाठ्यक्रम में 50 प्रतिशत सीटों पर शासन द्वारा नामित संस्था से काउन्सिलिंग के माध्यम से तथा 50 प्रतिशत सीटों पर विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं से प्रवेश लिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा काउन्सिलिंग के समय यदि कोई परिवर्तन की**

Amisha



Scanned with OKEN Scanner

आवश्यकता हो, तो कुलसचिव, अधिष्ठाता–शैक्षणिक एवं प्रवेश समन्वयक की संस्तुति पर अग्रतर निर्णय लिये जाने हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

<u>अन्य बिन्दु संख्या–31(3) :</u>

विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह में पद्म भूषण प्रो0 कपिल कपूर जी को विशिष्ट अतिथि के रूप में डायस पर सम्मिलित किये जाने पर विचार।

<u>निर्णय :</u>

**कार्य परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह में पद्म भूषण प्रो0 कपिल कपूर जी को विशिष्ट अतिथि के रूप में डायस पर सम्मिलित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

<u>अन्य बिन्दु संख्या–31(4) :</u>

विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह में अन्तर्राष्ट्रीय कवि एवं लेखक श्री गजेन्द्र सोलंकी जी को विशिष्ट अतिथि के रूप में डायस पर सम्मिलित किये जाने पर विचार।

<u>निर्णय :</u>

**कार्य परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह में अन्तर्राष्ट्रीय कवि एवं लेखक श्री गजेन्द्र सोलंकी जी को विशिष्ट अतिथि के रूप में डायस पर सम्मिलित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

<u>अन्य बिन्दु संख्या–31(5) :</u>

विष्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह में माननीय कुलाधिपति महोदया के कर–कमलों द्वारा छात्र/छात्राओं एवं शोधार्थियों को 200 मेडल की सीमा तक पदक्/उपाधि वितरित किये जाने के राजभवन द्वारा अनुमोदन से संसूचित किया जाना।

<u>निर्णय :</u>

**विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षान्त समारोह में माननीय कुलाधिपति महोदया के कर–कमलों द्वारा छात्र/छात्राओं एवं शोधार्थियों को डायस से 200 मेडल की सीमा तक पदक्/उपाधि वितरित किये जाने के राजभवन द्वारा प्रदान किये गये अनुमोदन से कार्य परिषद् संसूचित होते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**उक्त के अतिरिक्त कार्य परिषद् के एक वाह्य सदस्य द्वारा बताया गया कि दिनांक 22 जनवरी, 2024 को प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिस पर सम्यक विचारोपरान्त कार्य परिषद् द्वारा दिनांक 22 जनवरी, 2024 को विश्वविद्यालय में दीपोत्सव मनाये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा इस कार्य हेतु प्रो0 चन्दना डे को अधिकृत किया गया।**

अन्त में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्य परिषद् की बैठक समाप्त हुयी।

| | |
|---|---|
| Bmishra | |
| **(डॉ0 भावना मिश्रा)** | **(प्रो0 एन0बी0 सिंह)** |
| **कुलसचिव/सचिव** | **कुलपति/अध्यक्ष** |



Scanned with OKEN Scanner